तापमान
अधिकतम 14.6 डिग्री
न्यूनतम 7.7 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, रविवार, 31 दिसंबर 2023

15 अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ: मेयर

16 खट्टी-मीठी उलझनों में जूझता रहा रोहतक


## शहर में आज

- परमार्थ समन्वय संगठन की वार्षिक मीटिंग वैश्य कालेज रोड स्थित परमार्थ अस्पताल में सुबह 10 बजे
- गुरुद्वारा टिकाणा साहिब में महान कीर्तन दरबार शाम 7 बजे
- जिला विकास भवन में साढ़े 12 बजे ग्रामीण आंचल विकास एवं सम्मान समारोह।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- रोडवेज कर्मचारी करेंगे बैठक।

## खबर संक्षेप

### मदवि में नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम सोमवार को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में नव वर्ष के उपलक्ष में 1 जनवरी को नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम होगा। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजबीर सिंह करेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मी भाग लेंगे। यह नव वर्ष स्वागत कार्यक्रम विश्वविद्यालय सचिवालय परिसर में सुबह 10 बजे शुरू होगा।

### सरपंचों के सम्मान में कार्यक्रम आज

**रोहतक।** नव वर्ष के उपलक्ष में 31 दिसंबर को जिला के सरपंचों के सम्मान में ग्रामीण आंचल विकास व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम जिला परिषद रोहतक द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12 शुरू होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक, उपायुक्त अजय कुमार व जिला परिषद के चेयरपर्सन मंजू हुड्डा शिरकत करेंगे।

### चोरी की वारदात में तीन आरोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने शिवाजी कॉलोनी के एरिया में स्थित घर में हुई चोरी की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक प्रदीप ने बताया कि आंबेडकर नगर हाल किराएदार शिवाजी कॉलोनी निवासी मेनपाल की शिकायत के आधार पर अभियोग अंकित किया गया। जांच में सामने आया कि 23 दिसंबर को दोपहर के समय अज्ञात युवकों ने मेनपाल के घर के कमरे का ताला तोड़कर कमरे से मोबाइल फ़ोन व करीब 35 हजार रुपये चोरी कर मौके से फरार हो गए।



### मांस सप्लाई करने के आरोप में दो काबू, केस

**महम।** पुलिस ने गो रक्षा दल के सदस्यों की शिकरायत के आधार पर एक मास से भरे टैंपों सहित दो युवकों को पकड़ा है। टैंपो में किस जानवर का मास है पुलिस इसकी जांच कराने में जुटी है। पुलिस को दी शिकायत में सतपाल निवासी अशोक नगर महम, दीपक निवासी वार्ड-1 महम व सुनील निवासी किशनगढ़ ने बताया है कि वे रात को शुगरमिल के पास मौजूद थे। उनको एक टैंपो में मास भरा होने की सूचना मिली थी। टैंपों आया तो उन्होंने पहले उसे पकड़ने की कोशिश की। लेकिन टैंपों चालक ने गाड़ी को नहीं रोका। उसके बाद सदस्यों डायल 112 पर कॉल की। उसके बाद पुलिस ने टैंपों को काबू किया।

### सेक्टर 14 स्थित मकान में करीब सप्ताह पहले ही काम पर रखी थी नौकरानी

# रोहतक में लुटेरी नौकरानी: आरएन सिनेमा के मालिक और पत्नी को बेहोश करके घर लूट लिया

- 28 की रात करीब 8 बजे नौकरानी ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया
- जब दंपति की आंख खुली तो वे अस्पताल में मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अकसर लोग घर पर नौकर रखने से पहले इस गलतफहमी में रहते हैं कि जिसे वह काम पर रख रहे हैं वह गरीब है और भोला-भाला है। ऐसा सोचना और बिना जानकारी के घर पर नौकर रखना कितना मंहगा पड़ सकता है यह रोहतक के सेक्टर-14 में रहने वाले एक परिवार से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। यहां वारदात एक नौकरानी ने की है। सेक्टर-14 में रहने वाले परिवार के लोगों ने भी कुछ ऐसी गलती की कि अब उन्हें पछतावा हो रहा है। दरअसल, आरएन सिनेमा के मॉलिक को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करके करीब 20 लाख की चोरी करके फरार हो गई। जिसमें 10 लाख कैश व करीब 10 लाख के गहने शामिल हैं। नौकरानी करीब एक सप्ताह पहले ही काम करने के लिए आई थी। वहीं खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। जिसके बाद वह अपने साथियों के साथ कैश व गहने लेकर भाग गई। जब दंपत्ति की आंख खुली तो वे अस्पताल में थे। सेक्टर-14 निवासी निर्मला शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने 22 दिसंबर को एक नौकरानी रखी थी। जो घर पर झाड़ू पोंछा और खाना बनाने का काम करती थी। साथ ही नौकरानी घर पर ही रहती थी। 28 दिसंबर की रात करीब 8 बजे उनकी नौकरानी ने खाने में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। जिसके कारण खाने के कुछ समय बाद वह और उसके पति सुरेश शर्मा बेहोश हो गए।







### ऐसे पता लगा

आरएन सिनेमा के मालिक के बेटे ने गुरुग्राम से अपने पिता सुरेश को फोन किया। फोन नहीं उठा तो अपनी मम्मी निर्मला को फोन किया। फोन नहीं उठा तो बेटे ने सिनेमा का मैनेजर के पास फोन किया। सिनेमा के मैनेजर दोपहर 1 बजे घर आए तो पूरे मामले का पता लगा। दोनों पति पत्नी बेहोश पड़े थे। मैनेजर दोनों को अस्पताल लेकर आए।

### नौकरानी अकेली नहीं थी

इस वारदात में नौकरानी अकेली नहीं थी। पडौसी के घर से उसके साथी घुसे। पड़ौसी के घर की दीवार पर पैरो के निशान हैं। वारदात करने के बाद वो दूसरी तरफ की दीवार से निकल गए।

### अस्पताल से छुट्टी के बाद चेक किया घर

आरएन सिनेमा के मालिक के बेटे ने गुरुग्राम से अपने पिता सुरेश को फोन किया। फोन नहीं उठा तो अपनी मम्मी निर्मला को फोन किया। फोन नहीं उठा तो बेटे ने सिनेमा का मैनेजर के पास फोन किया। सिनेमा के मैनेजर दोपहर 1 बजे घर आए तो पूरे मामले का पता लगा। दोनों पति पत्नी बेहोश पड़े थे। मैनेजर दोनों को अस्पताल लेकर आए।

### ये सामान हुआ चोरी

पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घर पर आकर सामान को चैक किया तो मकान से डायमंड के 4 सेट, सोने के 4 सेट, पेंडल सेट 8, गले की चेन 12, सोने के कड़े 2, कानों के टाप्स 10, सोने की अंगूठी 10, 21 गिन्नी, देवी के 3 सोने के सेट, चांदी के 2 डिनर सेट, 50 चांदी के सिक्के, फोन और करीब 10 लाख रुपये की नकदी चोरी हुई मिली।



### बिना वेरीफिकेशन सात दिन पहले रखा था

पुलिस के अनुसार पीड़ित परिवार ने सात दिन पहले ही नौकरानी को काम पर रखा था। अभी तक उसका पुलिस वेरीफिकेशन नहीं करवाया गया था। इसी बात का फायदा उठा मौका पाकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गई है।

### आरोपी को जल्द काबू कर लिया जाएगा

आरएन सिनेमा के मलिक के घर में चोरी होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। फिलहाल जांच में सामने आया है कि घर से करीब 10 लाख रुपये कैश व जेवर चोरी हुए है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **-सतपाल सिंह,** थाना प्रभारी, अर्बन स्टेट

## शत प्रतिशत विकलांग होने पर भी नवीन ने 5वीं पैरा नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शत प्रतिशत विकलांग होने पर नवीन दलाल ने 5 वीं पैरा नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर नया कीर्तिमान बनाया। इस अवसर पर सैनिक स्कूल सिंहपुरा के चेयरमैन, स्कूल स्टाफ सदस्यों व सभी विद्यार्थियों ने उनका तहेदिल से स्वागत किया। स्कूल के चेयरमैन अशोक दलाल ने कहा कि उन्होनें न केवल अपने स्कूल का बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। आज के युग वर्ग को उनसे प्रेरणा लेते हुए अपने राज्य व देश का नाम रोशन करना चाहिए। नवीन दलाल अपने स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक रोल मॉडल है। इस अवसर पर नवीन दलाल ने कहा कि 2022 में उनका चयन नेशनल गेम्स में हुआ था, वहां पर उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके बाद उनका चयन एशियन ओलम्पिक चैंपियनशिप 2023 जो कि चाईना में हुई थी, जिसमें उन्होनें कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। इसके बाद एशियन चैंपियनशिप जोकि 2023 में बैकांक में हुई, उसमें उन्होनें रजत पदक प्राप्त किया। इसके तुरंत बाद उनका चयन नेशनल गेम्स पटियाला के लिए हुआ वहां उन्होनें स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किया।



### डॉ. एएस मान एमडीयू के डीन एकेडमिक एफेयरस नियुक्त


**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. एएस मान को विश्वविद्यालय का डीन एकेडमिक एफेयरस नियुक्त किया गया है। रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि प्रो. मान की नियुक्ति 1 जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। उनकी नियुक्ति का निर्णय विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद की बैठक में शनिवार को लिया गया।गौ रतलब है कि वर्तमान डीन एकेडमिक एफेयरस प्रो. सुरेंद्र कुमार 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



## बंद मकान में चोरी, 2 युवक सीसीटीवी में कैद, पुलिस ने केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नेहरू कॉलोनी स्थित एक बंद मकान में चोरी का मामला सामने आया है। वहीं, चोरी सीसीटीवी में कैद हो गए। नेहरू कॉलोनी निवासी दुकानदार विनीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके दो मकान हैं। एक में वे रहते हैं और दूसरा मकान बंद रहता है। दूसरे मकान में वे कभी कभार जाते थे। जब वे सुबह करीब 10 बजे पहुंचे तो घर के गेट का ताला टूटा हुआ था। जब मकान के अंदर जाकर देखा तो कमरे का भी कुंड़ा टूटा हुआ मिला। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब अंदर जाकर चेक किया तो सारा बेड का सामान व अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। चेक किया तो पाया उनके करीब पांच हजार रुपये कैश व अन्य सामान चोरी हुआ मिला। जब मकान के साथ लगे हुए सीसीटीवी कैमरे देखे तो पाया कि दो युवक दिखाई दिए। दोनों आरोपियों ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दे दी। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।





### किलोई में कांग्रेस को बड़ा झटका

## पूर्व ब्लाक समिति अध्यक्ष धर्मपाल दलाल समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आगामी चुनाव से पहले रोहतक जिले में कांग्रेस को गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा में बड़ा झटका लगने जा रहा है। किलोई विधानसभा के चिड़ी गांव के पूर्व सरपंच और ब्लॉक समिति के पूर्व चैयरमेन धर्मपाल दलाल उर्फ काला अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस को अलविदा कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामेंगे। पूर्व चैयरमेन काला पूर्व सीएम हुड्डा और उनके सुपुत्र दीपेंदके खासमखास रहे हैं। चिड़ी बड़ा गांव है और दलाल गोत्र का गांव है। चिड़ी गांव में 1 जनवरी को सुबह 11 बजे गांव के खेल स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल, रोहतक सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष कुमार ग्रोवर और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश नांदल शिरकत करेंगे। इन तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में पूर्व चैयरमेन काला अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा पार्टी ज्वाइन करेंगे।

## एमडीयू ने इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते तीन गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

किट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओडिशा में चल रही आल इंडिया महिला एवं नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरूष एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में एमडीयू की महिला खिलाड़ी निधि ने पोल वाल्ट, दीपांशी, शिवानी, तन्नू और निशा ने 4 गुणा 400 मीटर्स रिले रेस में गोल्ड मेडल और स्वाती ने डिस्कस थ्रो में ब्रोंज मेडल जीता है। वहीं नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के 4 गुणा 400 मीटर्स रिले रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। पुरुष वर्ग में उत्तम ने पोल वाल्ट में गोल्ड, राहुल, दीपक, दीपक और मयंक ने 4 गुणा 400 मीटर्स रिले रेस में सिल्वर और पंकज ने लॉन्ग जंप में कांस्य पदक जीत कर एमडीयू का नाम रोशन किया और आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए भी क्वालिफाई किया। एमडीयू के स्टार एथलीट परमजीत ने 5000 मीटर्स रेस में ब्रोंज मेडल जीत कर आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई किया।







### पीजीआई में जैव प्रौद्योगिकी और आणविक चिकित्सा विभाग ने की संगोष्ठी

**रोहतक।** जैव प्रौद्योगिकी और आणविक चिकित्सा विभाग ने राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का उद्घाटन पं. बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनिता सक्सेना ने किया। प्रोफेसर धावेंद्र कुमार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित चिकित्सा वैज्ञानिक-मानद क्लिनिकल प्रोफेसर, कंसल्टेंट क्लिनिकल जेनेटिकिस्ट, इनहेरिटेड कार्डियक डिजीज यूनिट, सेंट बार्ट्स अस्पताल, लंदन इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ एचके अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की ओर से वक्ताओं, अध्यक्षों, अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। अब समय आ गया है कि स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रम में विशिष्ट जीनोमिक और आणविक चिकित्सा को एकीकृत किया जाए।

### 32 करोड़ का टारगेट | आज छूट का आखिरी दिन, करीब 21 करोड़ से ज्यादा जमा हो चुका है टैक्स

# दो दिन में 90 लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार द्वारा लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने पर दी जा रही छूट को केवल एक दिन बचा है। इसलिए अंतिम दिनों में शहरवासी भी टैक्स जमा करवाने में रुचि ले रहे हैं। शनिवार को निगम में काउंटर पर बिल जमा करवाने के लिए भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से लेकर शाम तक लोगों ने रुपये जमा करवाए। इसके अलावा ऑनलाइन और डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भी लोगों ने टैक्स जमा करवाया। दो ही दिन में 90 लाख से अधिक रुपये जमा हो चुके हैं। रविवार को भी कार्यालय खुला रहेगा। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को 30 लाख से ज्यादा टैक्स जमा करवाया गया। कुछ लोगों ने नगर निगम के खाते में भी ऑनलाइन रुपये भेजे हैं। इसके अलावा शनिवार को कार्यालय में लोगों ने 27 लाख 75 कैश बतौर टैक्स जमा करवाया। इसके अलावा करदाताओं ने करीब 32.52 हजार के डिमांड ड्राफ्ट निगम को भेजे हैं। साथ ही ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की गई जिसकी जानकारी सोमवार को मिलेगी। निगम को जितनी उम्मीद थी उससे कहीं अधिक टैक्स जमा करवाया गया है। अधिकारियों का मानना है कि बकायेदार सहयोग कर रहे हैं और टैक्स जमा करवाने में रुचि दिखाने लगे हैं।

अब तक करीब 21 करोड़ से ज्यादा की रकम जमा करवाई जा चुकी है। जबकि निगम की तरफ से करीब 32 करोड़ टैक्स वसूली का टारगेट रखा गया था। जरूरत पड़ने पर रविवार को काउंटर भी बढ़ाए जा सकते हैं।




### आज भी खुलेगा कार्यालय

शनिवार को कार्यालय लोगों ने टैक्स जमा करवाया। शाम तक करीब 60 लाख टैक्स आया है। रविवार को भी कार्यालय खोला जाएगा। आमजन से अपील की जा रही है कि वे आखिरी दिन ज्यादा से ज्यादा टैक्स जमा करवाएं और छूट का लाभ लें। सरकार की तरफ से केवल 31 दिसम्बर तक टैक्स जमा करवाने पर छूट दी गई है। **-अशोक शर्मा**, जेडटीओ, निगम

### काउंटर पर अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए

निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कार्यालय में अधिकारियों की मीटिंग ली थी। उन्होंने आदेश जारी किए थे कि शनिवार और रविवार को कार्यालय खोला जाएगा और प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाया जाएगा। उन्होंने आदेशों के बाद काउंटर पर अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए गए।

### ये मिल रही है छूट

सरकार द्वारा वर्तमान वित्तवर्ष के सम्पत्तिकर पर 15 प्रतिशत की छूट व वर्ष 2010-11 से लेकर 2022-23 तक इस देरी फीस अर्थात 1.5 प्रतिशत ब्याज राशि, पिछले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट दी गई है लेकिन यह छूट उन सम्पत्तिधारकों को दी जाएगी जोकि सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान और बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन पद्धति पोर्टल पर अपनी सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करते हैं। साथ ही निर्धारण वर्ष 2023-24 तक अपने कुल सम्पत्तिकर के बकाया का भुगतान करते हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन वेबसाइट पर सम्पत्तिकर भरने पर एक प्रतिशत अतिरिक्त छूट का लाभ ले सकते है।

हरिभूमि पाठकों के लिए विशेष सौगात
पंचांग–2024
आज दिनांक 31 दिसंबर 2023 (रविवार) के अंक के साथ


पंचांग मूल्य : रुपये 3.00/–*
*(समाचार पत्र मूल्य के अतिरिक्त)
आज ही वितरक से अपनी प्रति प्राप्त करें।

# गिरते को करो सलाम, खूब लगाओ दांव, बरसेगा धन



## निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो एक बात पल्ले गांठ बांध लें कि मोटे पैसे कमाने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसलिए सबसे पहले तो लंबी अवधि के निवेश पर ध्यान दें। निवेश करने से पहले जिस कंपनी के शेयर खरीद रहे हैं, उसकी प्रोफाइल भी जांच लें। हां एक बात और ध्यान रखें की निवेश से पहले अपने गोल तय करें और शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं। धैर्य और संयम बनाए रखें। अक्स्र देखने में आता है कि पैसा लगाने वाले नए लोग एक बड़ी गलती ये करते हैं कि वह बढ़ते शेयरों पर दांव खेलते हैं। इसमें कुछ खराबी नहीं है, लेकिन इनसे कमाई की संभावना कम होती है या रिटर्न बेहद कम ही मिल पाता है। कई बार तो नुकसान भी उठाना पड़ता है। अगर कोई शेयर अपने 52 हफ्तों के हाई के आसपास ट्रेड कर रहा है तो नए निवशकों को उससे दूरी ही बनाए रखनी चाहिए, क्योंकि उस शेयर के गिरने के चांस काफी हाई होते हैं। इसलिए अक्सर कहा जाता है कि बाजार में ऐसे शेयरों में पैसा लगाएं जो काफी टूट गए हों। यानी शेयर बाजार में गिरते को सलाम करें और खूब निवेश करेंगे तो धन बरसेगा यानी आपको बेहतर रिटर्न मिलेगा।

बाजार के जानकारों का कहना है कि यह कोई नहीं बात नहीं है। यह काफी पुराना और आजमाया हुआ फॉर्मूला है। बाजार के मंझे हुए खिलाड़ी इसे अच्छे से समझते हैं, लेकिन इसमें एक परेशानी यह है कि आपको कैसे पता चलेगा कि कोई शेयर अब अपने निचले स्तर तक पहुंच चुका है और अब वह उससे नीचे नहीं जाएगा। इसके पीछे कई फैक्टर्स काम करते हैं, लेकिन एक महत्वपूर्ण इंडिकेशन है कि उस शेयर का पिछला रिकॉर्ड लो है। अगर वह शेयर अपने रिकॉर्ड लो के करीब या उससे नीचे पहुंच गया है तो इसका मतलब है कि अब उस शेयर में खरीदारी का समय है। इस समय निवेशकों को चाहिए कि वे निवेश करें और अच्छा रिटर्न प्राप्त करें।

- बाजार में तेज गिरावट के समय दिग्गज देते हैं खरीदारी की सलाह
- यह पैसा बढ़ाने का सबसे बेहतर फार्मूला, कभी नहीं होंगे कंगाल
- अक्सर गिरावट के समय लोग पैनिक होते और पैसे निकालते हैं
- यह परंपरा गलत, रिकवरी का नहीं मिलता लाभ, होता है नुकसान
- निवेश का पहला मूल मंत्र संयम बनाए रखें
- इंतजार करें और अपने निवेश को बढ़ाते जाएं
- बाजार के उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं
- शेयर बाजार में निवेश के लिए जरूरी है धैर्य
- जल्दबाजी में शेयर बेचने से हो सकता है नुकसान
- शेयर में पैसा लगाने से पहले देखें कंपनी की वित्तीय स्थिति



### अगर जारी रहा डाउनवर्ड ट्रेंड

एक सवाल ऐसे में यह भी उठता है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहा तो क्या होगा। कई इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म इस पर कहती है कि अगर कोई शेयर नीचे गिरना जारी रहता भी है तो भी घबराने की जरूरत नहीं है। कई बार मार्केट डाउन होने पर मजूबत शेयर भी क्रॉस फायरिंग में फंसते हैं और गिरते रहते हैं। यही वह समय है जब आपको घबराने की जरूरतर नहीं है और संयम बरतना है। अगर ऐसे में गिरावट से आपको घाटा लग भी रहा हो तो भी अपने शेयर को बेचें नहीं और धैर्य बनाए रखें, क्योंकि ये मजबूत शेयर जरूर वापसी करेंगे और आपके द्वारा डिस्काउंट पर की गई खरीदारी आपको जबरदस्त कमाई कराएगी यानी आपको मालामाल होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### किस बात का रखना है विशेष ध्यान

यह जरूर याद रखें कि किसी भी शेयर को बिना जांचे परखे न खरीदें। शेयर खरीदने से पहले कंपनी के वित्त और उस सेक्टर के भविष्य को लेकर अध्ययन जरूर कर लें। गिरावट की स्थिति में अगर खराब शेयर हाथ में लग तो 'कंगाली में आटा गीला' वाला हाल हो जाएगा।

### दिग्गजों की सलाह

जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे ने 2016 में कहा था कि जब मार्केट नीचे जा रहा हो तो शेयर खरीदने से पहले बहुत ज्यादा छानबीन नहीं करेंगे तो भी चल जाएगा। दिग्गज निवेशक जैक बोगल ने भी एक इंटरव्यू में 2018 में कहा था कि बाजार में हो रहे बदलावों (गिरावट) से घबराकर अपने मन को ना बदलें और शेयर खरीदकर उसे होल्ड करें। अगर आप रिकवरी (बाजार की) का फायदा उठाने से चूके तो संभव है कि आप अपने वित्तीय लक्ष्यों से भी चूक जाएं।

### अनुशासन बनाए रखें

पोर्टफोलियो में नाटकीय रूप से बदलाव करते रहने से जोखिम बढ़ता है। ऐसी आदत लंबी अवधि के लक्ष्यों पर नकारात्मक असर डाल सकती है। बेहतर होगा कि बाजार में फौरी उतार-चढ़ाव को नजरअंदाज करें और अनुशासन बनाए रखें। यदि पोर्टफोलियो में बदलाव जरूरी लगे तो छोटे-छोटे बदलाव करें। इन बदलावों से आपको अच्छा मुनाफा मिल सकता है। जरूरी यह है कि निवेश में हमेशा अनुशासन बनाए रखें और निवेश करते जाएं।

### घबराहट में निर्णय न लें

हमेशा याद रखें कि अर्थव्यवस्था और बाजार का मिजाज चक्रीय होता है। जिस तरह तेजी का दौर आता है, वैसा ही गिरावट का दौर भी बन सकता है। जाहिर है, गिरावट वाले दौर में घबराकर बिकवाली करना अच्छी रणनीति नहीं होगी। अच्छे शेयर अक्सर लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### नुकसान में न बेचें शेयर

उतार-चढ़ाव शेयर बाजार का स्वभाव है। निवेशकों को शेयर बाजार में आई गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर आपने शेयर बाजार में पैसा लगा रखा है और इसमें आपको अभी नुकसान हुआ है तो भी आपको नुकसान में अपने शेयर बेचने से बचना चाहिए। क्योंकि लॉन्ग टर्म में मार्केट में रिकवरी की उम्मीद है। ऐसे में अगर आप अपने शेयर्स को लम्बे समय के लिए होल्ड करते हैं तो आपको नुकसान होने की उम्मीद कम हो जाएगी।



# सिर्फ 100 रुपये हर रोज बचाएं और बन जाएं मालामाल



सुझाव | बिजनेस डेस्क

- सिर्फ चाय-सिगरेट के पैसों से भी बन सकते हैं करोड़पति
- नौकरी के साथ साथ ही तैयार हो जाएगा मोटा फंड
- चैन से कटेगा बुढ़ापा, बच्चों की शिक्षा के खर्च की नहीं होगी टेंशन
- म्यूचुअल फंड की एसआईपी में 12 फीसदी तक मिल रहा रिटर्न

कहते हैं कि अमीर बनने का सबसे आसान तरीका है, बचत करना। आजकल तो निवेश के ऐसे विकल्प भी मौजूद हैं, जो मामूली सी रकम को पैसों के ढेर में बदल सकते हैं। बावजूद इसके लोगों में बचत और निवेश को लेकर जागरुकता काफी कम है। अगर कोई निवेशक सिर्फ चाय और सिगरेट की आदत छोड़कर इन पैसों को निवेश करें तो नौकरी खत्म होने तक उनके पास 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड जमा हो जाएगा। बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेश को लेकर लोगों के सुस्त रुझान से बहुत दिक्कतें आती हैं और कई लोग तो आर्थिक रूप से तंगहाली में ही दम तोड़ देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 20 करोड़ ऐसे यूजर हैं, जिनके पास किसी न किसी ओटीटी का सब्सक्रिप्शन है. इस पर हर महीने 150 से 200 रुपये खर्च करते हैं, लेकिन म्यूचुअल फंड में 100 रुपये से भी निवेश करने वालों की संख्या इसकी महज 10 फीसदी यानी 2 करोड़ है. राधिका की बात कई मायनों में सही भी है, क्योंकि अगर नौकरी शुरू करने वाला युवा सिर्फ रोज के चाय-सिगरेट जितने खर्च का पैसा भी निवेश करे तो रिटायरमेंट तक मोटा फंड तैयार हो जाएगा।

### हर महीने कितना पैसा होगा जमा

मान लीजिए कोई दिनभर में सिर्फ 3 सिगरेट पीता है, जिस पर उसका औसतन खर्चा 60 रुपये होता है। इसके अलावा ऑफिस टाइम में 3 से 4 कप चाय पीता है तो भी औसतन 40 रुपये का खर्चा आएगा। दोनों को जोड़ दिया जाए तो रोजाना सिर्फ चाय-सिगरेट पर ही 100 रुपये का खर्चा हो जाएगा। यानी महीने में निवेश करने वाली रकम करीब 3,000 रुपये होगी।

### कैसे बनेगा करोड़ों का फंड

निवेश के जानकारों का कहना है कि अगर सिर्फ रोजना के चाय और सिगरेट के पैसों को निवेश किया जाए तो नौकरी करने के दौरान यानी करीब 30 साल में 1 करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड तैयार हो जाएगा। अगर 30 साल की उम्र में नौकरी शुरू करने के साथ ही कोई 3000 रुपये हर महीने की एसआईपी शुरू करता है तो 30 साल में उसकी ओर से कुल 10.80 लाख रुपये का निवेश किया जाएगा। इक्विटी म्यूचुअल फंड का लंबी अवधि में औसतन रिटर्न 12 फीसदी रहता है। इसी रिटर्न से देखा जाए तो रिटायरमेंट तक यह निवेश बढ़कर 1,05,89,741 रुपये पहुंच जाएगी। इस दौरान 95,09,741 रुपये सिर्फ ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### किस फंड पर दांव लगाना सही

ऐसा नहीं है कि म्यूचुअल फंड सिप पर 12 फीसदी रिटर्न सिर्फ कहने की बात है। बाजार में कई ऐसी फंड योजनाएं हैं, जो 20 साल की लंबी अवधि में 12 फीसदी से कहीं ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखती हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के अनुसार, कई ऐसे ही फंड हैं, जिनका 20 साल का औसतन रिटर्न 12 फीसदी से कहीं ज्यादा है।

### इन फंडों का ऐसा रिटर्न

- आदित्य बिड़ला वेल्थ एस्पायर फंड ने 10 साल से ज्यादा निवेश पर 19.20% फीसदी का रिटर्न दिया है।
- बजाज आलियांज स्मार्ट वेल्थ लक्ष्य ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 17.90% सालाना का रिटर्न दिया।
- एचडीएफसी लाइफ संपूर्ण निवेश में पैसे लगाने वालों को लंबी अवधि में हर साल 17.70% का रिटर्न मिला।
- मैक्स लाइफ ऑनलाइन बचत ने भी 10 साल से ज्यादा के निवेश पर 16.90% का रिटर्न मिला।
- भारती एक्सा लाइफ वेल्थ प्रो फंड ने भी 10 साल से ज्यादा अवधि में 16.60% का औसतन रिटर्न दिया है।

प्लानिंग से बनेगा फटाफट पैसा, आराम से कटेगा बुढ़ापा

# सिर पर आ गया रिटायरमेंट तो ऐसे करें निवेश का प्लान

जानकारी | बिजनेस डेस्क

*इक्विटी फंड लंबी अवधि में 10 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे रहे*

*"रिटायरमेंट करीब आ गया है और आपके पास बुढ़ापे के लिए सेविंग नहीं है। ऐसे लोगों के लिए भी निवेश के कई विकल्प हैं, जहां कम समय में ही मोटा पैसा बनाया जा सकता है। अगर आप भी ऐसा कुछ सोच रहे हैं तो आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।"*

यह बात सही है कि निवेश और बचत जितनी जल्दी शुरू की जाए, उतना ही बेहतर होता है और फायदा भी ज्यादा मिलता है, लेकिन, जिंदगी की जिम्मेदारियों को पूरा करने और लोन वगैरह चुकाने में फंसकर रह गए और सेविंग नहीं कर सके। ऊपर से रिटायरमेंट भी सिर पर आ गया है तो अब कहां पैसा लगाएं, जिससे फटाफट आपके खाते में एक मोटा फंड जमा हो जाए। रिटायरमेंट की प्लानिंग भी कई बार खर्चों और जिम्मेदारी की वजह से नहीं हो पाती और आप देखते ही देखते 50 की उम्र पार कर जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हुआ है और अभी तक रिटायरमेंट के लिए पैसे नहीं जोड़ सके हैं तो निवेश की अलग रणनीति बनाकर मोटा फंड जुटा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आपकी देनदारियां कम हों और आप बाजार में थोड़ा जोखिम उठाने के लिए भी तैयार हों। आप भी इक्विटी में कम से कम 10 साल के लिए निवेश कर अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। इक्विटी फंडों ने 10 साल से ज्यादा समय के निवेश में 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है। इस तरह आसानी से अच्छा फंड जुटाकर बुढ़ापे का जुगाड़ किया जा सकता है।



### ज्यादा रिटर्न वाले विकल्प चुनें

किसी भी नौकरीपेशा के लिए 50 साल की उम्र वह पड़ाव होता है, जब उसकी आय अपने उच्चतम स्तर पर और लोन आदि की देनदारियां लगभग खत्म होने की कगार पर रहती हैं। ऐसे में निवेशक जोखिम लेने में भी सक्षम रहता है तो उसकी पूरी रणनीति ज्यादा रिटर्न पाने की होनी चाहिए। इसके लिए इक्विटी आधारित निवेश पर जोर देना बेहतर होगा। कुछ हिस्सा इंटरनेशनल इक्विटी फंड, डेट फंड और सोने में भी लगाना चाहिए। निवेशक ध्यान रखें कि इक्विटी में लगाने वाले पैसे को कम से कम 10 साल तक बनाए रखेंगे तो 10-12% का जबरदस्त रिटर्न मिल सकता है।

### ... जोखिम नहीं लेना चाहते तो

50 साल से ज्यादा उम्र के ऐसे निवेशक, जिनमें जोखिम लेने की क्षमता नहीं होती और शॉर्ट टर्म का लक्ष्य लेकर चलते हैं, उन्हें लार्जकैप सेग्मेंट में सबसे ज्यादा निवेश करना चाहिए। ऐसे निवेशकों को लॉर्जकैप फंड में कुल फोलियो का 50%, मल्टीकैप फंड में 40%, मिड और स्मॉलकैप फंड में 10% का निवेश करना चाहिए। इसके अलावा अन्य फंड से फोलियो घटाना हो तो कम अवधि वाली एफडी और पोस्ट ऑफिस की योजनाओं में निवेश कर सकते हैं।

### यह नियम अपना सकते हैं

- 60 के करीब हैं तो 3 भाग में बाटें पैसा: जब आपकी उम्र 60 के करीब हो या आप रिटायरमेंट ले चुके हैं तो निवेश को तीन भागों में बांटकर रिटर्न का लक्ष्य बनाएं।
- पहला लिक्विड फंड का खाता बनाएं जो आपको जरूरत पड़ने पर तत्काल पैसे उपलब्ध करा सके। इसमें 40 महीने के खर्च के बराबर राशि जमा करें, जो एफडी या शार्ट टर्म बांड में लगाई जा सकती है। इसमें 15-20% का निवेश हो।
- दूसरा स्थायी आय का विकल्प तैयार करें, जिससे निवेश पर कोई जोखिम न हो और निश्चित रिटर्न भी मिलता रहे। इसके लिए वय वंदन योजना या आरबीआई बांड में पैसे लगा सकते हैं। इसमें 45-50% का निवेश करना चाहिए।
- तीसरे विकल्प में ज्यादा रिटर्न देने वाले निवेश शामिल करें, जो फंड को तेजी से बढ़ा सकें। इसके लिए बाजार से जुड़े इक्विटी उत्पाद चुन सकते हैं। इसमें 30-40% हिस्सा लगाना चाहिए।

# आपके माता-पिता के लिए बेस्ट हैं ये सुरक्षित निवेश की स्कीम

बिजनेस डेस्क

रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर निवेशक अपने रुपये पैसे को लेकर ज्यादा सजग रहते हैं और जब निवेश की बात होती है तो वह इसके लिए पूरी तरह से सुरक्षित विकल्प खोजते हैं। सीनियर सिटिजंस के लिए अपनी जमा पूंजी के बड़े हिस्से को सुरक्षित निवेश करने और उसके जरिए स्टेबल रिटर्न पाने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे अच्छे विकल्पों में शामिल है। असल में रिटायरमेंट के बाद निवेशक बाजार का ज्यादा जोखिम लेने की स्थिति में नहीं होते हैं। ऐसे में निश्चित रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प उनके लिए बेहतर है। इस पर न सिर्फ रिटर्न की गारंटी होती है, बल्कि आपका पैसा भी सुरक्षित रहता है। सीनियर सिटिजेंस फिक्स्ड डिपॉजिट पर बैंक सामान्य एफडी की तुलना में ज्यादा ब्याज देते हैं। इन योजनाओं में जोखिम बहुत ही कम होता है।

### बैंक देते हैं ज्यादा ब्याज

सीनियर सिटीजन आम तौर पर बाजार का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। उनकी जोखिम लेने की क्षमता कम होती है और वे अपना पैसा सुरक्षित निवेश विकल्पों में निवेश करते हैं। बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान सीनियर सिटीजंस को लो रिस्क कैटेगरी का मानते हैं और उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए एफडी पर ज्यादा ब्याज दरों की पेशकश करते हैं। एक और वजह यह है कि बैंक उन्हें अपना भरोसेमंद ग्राहक मानते हैं, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद ज्यादातर सीनियर सिटीजंस की पसंद एफडी होती है।

### सीनियर सिटीजेंस एफडी के फायदे

ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजंस फिक्स्ड डिपॉजिट में सामान्य फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम की तुलना में 50 बेसिस प्वॉइंट यानी 0.50 फीसदी अतिरिक्त ब्याज देते हैं। आपने तय ब्याज दर पर एफडी लॉक कर दी तो मैच्योरिटी तक दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी गारंटी के साथ रिटर्न मिलेगा। भारत में आरबीआई द्वारा बैंकों को रेगुलेट किया जा रहा है। सरकार समर्थित स्कीम होने के चलते एफडी पूरी तरह से सुरक्षित है।

### यह भी विकल्प

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी पर एनुअल बेसिस पर, तिमाही बेसिस पर या मंथली बेसिस पर इंटरेस्ट पेआउट का विकल्प चुन सकते हैं। एफडी का इस्तेमाल लोन लेने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। सबसे जरूरी कि इसमें अकाउंट खोलने की प्रक्रिया बेहद आसान है।

### कितना लगता है टैक्स

बैंकों में 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के तहत 1.50 रुपये तक की जमा पर टैक्स बेनिफिट ले सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80टीटीबी के अनुसार, सीनियर सिटीजंस एफडी पर एक वित्त वर्ष में अर्जित होने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज पर टैक्स नहीं देना होता है। अगर किसी वित्त वर्ष में ब्याज की राशि 50 हजार रुपये से अधिक हो तो बैंक इस आय पर टीडीएस वसूलेंगे। आईटी की धारा 194ए के तहत टीडीएस वर्तमान में 10 फीसदी कम है। वरिष्ठ नागरिक एफडी पर अर्जित ब्याज के तहत टैक्स छूट का दावा करने के लिए फॉर्म 15एच का उपयोग कर सकते हैं।

### फॉर्म 15जी/फॉर्म 15एच की प्रयोज्यता

यदि आपकी मूल आय 2.50 लाख रुपये प्रति वर्ष की छूट सीमा से कम है। केवल एक व्यक्ति (60 वर्ष तक) या एचयूएफ या ट्रस्ट, फॉर्म 15जी जमा कर सकता है। यह कंपनियों और व्यवसायों के लिए नहीं है। 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को फॉर्म 15जी के स्थान पर फॉर्म 15एच भरना और जमा करना होता है।

म्यूचुअल फंड में निवेश के कई बेहतर विकल्प, पति की रिटायरमेंट तक बना लेंगी अच्छा खासा फंड

# हाउसवाइफ भी जोड़ सकती हैं करोड़ों की रकम

अक्सर देखा जाता है कि घरेलू महिलाओं के सामने आर्थिक आजादी की समस्या आ जाती है। जिंदगी में हर काम के लिए वह पति की कमाई और पूंजी पर निर्भर रह जाती हैं। लेकिन वे भी थोड़ी सी सावधानी के साथ बचत और निवेश करें तो आर्थिक रूप से आजादी के साथ ही पति की रिटायरमेंट तक घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक करोड़ से ज्यादा का फंड बना सकती है।

तैयारी | बिजनेस डेस्क

*हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का निश्चित जरिया नहीं*

हाउसवाइफ की जिंदगी किसी भी नौकरी पेशा से अधिक बिजी होती है। सुबह जल्दी जागकर घर का सारा काम करना। पति के लिए नाश्ता और लंच बनाना। बच्चों का टिफिन तैयार करना और बुजुर्गों की दिनभर देखभाल करना। एक हाउसवाइफ के लिए यह सारे काम रोज सांस लेने की तरह हैं। एकदम ऑफिस में काम करने जैसा, लेकिन इतना सारी जिम्मेदारियों के बाद भी वह आर्थिक रूप से आजाद नहीं रहती। सोचो क्या उनके पास वित्तीय आत्मनिर्भरता रहती है। 100 में 90 का जवाब होगा, नहीं। पर, अगर आप थोड़ा सा वक्त और पैसा अपने लिए निकालें तो पति की रिटायरमेंट होने तक एक करोड़ से ज्यादा का फंड जुटा लेंगी। इसलिए आपको सिर्फ थोड़ी सी प्लानिंग के तहत काम करना होगा और एक महीने में अपने रोजमर्रा के खर्चे से कम से कम 2600 रुपये तक बचाने होंगे। एक स्टॉक ब्रोकर कंपनी का कहना है कि ज्यादातर हाउसवाइफ की नजर सिर्फ परिवार की देखभाल और उनसे जुड़ी जिम्मेदारियों तक सिमटकर रह जाती है। इस भागदौड़ के बीच अगर सिर्फ मट्ठी भर पैसा हर महीने अपने नाम से जमा करना शुरू कर दें, तो पति की रिटायरमेंट तक आपके पास भी मोटा फंड बन जाएगा। आज महिलाओं के लिए भी ऐसे निवेश विकल्प हैं, जहां थोड़े पैसे लगाकर भी लंबी अवधि में बड़ी पूंजी जमा हो जाती है।

### कितने पैसे की होगी जरूरत

यह बात तो सभी जानते हैं कि हाउसवाइफ के पास अपनी कमाई का कोई निश्चित जरिया नहीं होता। इस लिहाज से घर खर्च में पैसे बचाकर वे अपने पास हर महीने कुछ रुपये जमा कर सकती हैं। अगर आप भविष्य के लिए फंड बनाने की सोच रहीं तो बस आपको बच्चे की रोजाना टिफिन जितना खर्चा ही बचाना होगा। मान लीजिए, बच्चे की रोज की टिफिन और जेब खर्च के पीछे आपके 100 रुपये खर्च होते हैं, तो हर महीने आप 4 रविवार हटाकर भी 2,600 रुपये का फंड जुटा लेंगे।



### इन पैसों को करें निवेश

आपने देखा कि हर महीने आपके पास 2,600 रुपये जमा हो रहे हैं तो अब आप एक म्यूचुअल फंड की एसआईपी खुलवा दीजिए। म्यूचुअल फंड में आप हर महीने 2,600 रुपये भी जमा करती हैं तो लंबी अवधि यानी 10 साल से ज्यादा के समय में आपको इस पर हर साल 12 फीसदी का औसत रिटर्न मिल जाएगा।

### पति की रिटायरमेंट तक कितना पैसा

मान लीजिए आपकी शादी 28 साल की उम्र में होती है और पति की रिटायरमेंट उम्र 60 साल है। इस तरह आपके पास निवेश करने के लिए 32 साल मिलेंगे। इन 32 सालों में 2,600 रुपये हर महीने के हिसाब से आप कुल 9,98,400 रुपये यानी करीब 10 लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस पर हर साल 12 फीसदी का रिटर्न मिलता है तो 32 साल में आपका कुल फंड बढ़कर 1,17,24,172 रुपये हो जाएगा, जिसमें ब्याज की रकम 1,07,25,772 रुपये होगी।

### इकोनॉमी में 16% से ज्यादा का योगदान

ध्यान रखने वाली बात यह है कि आपने 32 साल तक लगातार एक ही निवेश बनाए रखा है। अगर आप हर साल निवेश की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी करते हैं तो यह फंड और भी ज्यादा हो जाएगा। इस तरह, पति की रिटायरमेंट आने तक आप घर में रहकर एक करोड़ से ज्यादा फंड तैयार कर लेंगी। इस तरह हाउसवाइफ को भी आर्थिक आजादी मिलेगी और वह भी आसानी से एक बढ़िया फंड तैयार कर लेगी। इसलिए जरूरी है कि महिलाओं को भी अपने रोजमर्रा के खर्च से कुछ न कुछ बचाकर निवेश करना चाहिए। इससे उनको आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर डॉ. बरुण झा को तबला वादन में पुरस्कार

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. बरुण कुमार झा मधुबनी बिहार को तबला वादक के रूप में श्री आईआईआई इंटरनेशनल इंडियन आइकॉन, सीजन सेवन 2023 का पुरस्कार मिला है। डॉ. झा को विश्व प्रसिद्ध कलाकार धनज्जय भट्ट, अब्बास अली, , अनुपमा श्रीवास्तव, मैना शाह एवं अन्य जजों के द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया।

### तीरंदाजी में पैरा सीनियर नेशनल टीम को गोल्ड

खिलाड़ी को सम्मानित कियाहरिभूमि न्यूज. महम विधानसभा क्षेत्र महम के गांव गद्दी खेड़ी निवासी विनोद राठी ने गत दिवस तीरंदाजी की पैरा सीनियर नेशनल टीम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने 70 मीटर में गोल्ड मेडल व रैंक ऑल इंडिया में ब्रांज मेडल जीता है। विनोद राठी ने ओलंपिक के लिए ट्रायल दिया है। आम आदमी पार्टी के नेता विकास नहरा ने गांव में पहुंचकर विनोद राठी से मुलाकात की।

### एसएफआई ने मनाया स्थापना दिवस

**रोहतक।** एसएफआई ने अपना 54 व स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य अध्यक्ष विनोद गिल ने एसएफआई का ध्वजारोहण करते हुए किया। संगठन के विरासत और विचार पर बात रखते हुए जिला सचिव अमित पिलाना ने कहा कि एसएफआई का गठन 27-30 दिसंबर 1970 में केरल के तिरुवंतपुरम में शिक्षा और संघर्ष नारे के साथ-साथ स्वाधीनता-जनवाद-समाजवाद जैसे विचारों के साथ हुई था।

### राज्य युवा महोत्सव में मदवि की छात्राएं अव्वल

**रोहतक।** पंचकूला में राज्य युवा महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की छात्रा स्वाति ने प्रथम, इंदु कुमारी ने पोस्टर मेकिंग में द्वितीय एवं साक्षी गिल ने फोटोग्राफी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों प्रतिभागियों को 11 हजार, 7500 व 5000 रुपये से हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता द्वारा ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, एवं चैक देकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस अलर्ट: नए साल के जश्न पर पुलिस की पैनी नजर

# नव वर्ष पर मस्ती और पार्टी के बहाने हुड़दंग पर होगी जेल

**पुलिस किसी को मस्ती करने से नहीं रोकेगी लेकिन हुड़दंग कर बाधा डालने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिन लोगों ने नववर्ष पर मस्ती और पार्टी के बहाने हुड़दंग का मूड बनाया है, उन्हें संभल जाने की जरूरत है। ऐसे लोगों के स्वागत के लिए पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया है। पुलिस किसी को मस्ती करने से नहीं रोकेगी, लेकिन यदि किसी ने दूसरे की मस्ती में हुड़दंग कर बाधा डालने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं होगी। जिले के एसपी हिमांशु गर्ग ने नववर्ष पर कोई अनहोनी न हो, इसके लिए प्लान तैयार कर लिया है। उन्होंने सीआईए से लेकर सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वह नए साल पर शरारती तत्वों पर नजर रखे।

एसपी ने पुलिस अफसरों के साथ बैठक कर सख्त दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने शहर के प्रसिद्ध होटल और रेस्टोरेंट की सूची बनाने के लिए कहा है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, ताकि नववर्ष पर कोई वारदात न हो। शराब के नशे में यदि कोई सड़क पर घूमता हुआ मिला तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दस बजे के बाद नहीं बजेगा डीजे

देर रात दस बजे के बाद यदि कोई व्यक्ति अपने रेस्टोरेंट और होटल में डीजे बजाता हुआ पाया गया तो होटल संचालक के खिलाफ तो कार्रवाई होगी ही, वहीं उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी, जिसने पार्टी को आर्गेनाइज किया है। सभी होटल और रेस्टोरेंट के मालिकों को हिदायत दी जाएगी कि वह अपने प्रतिष्ठान में शराब का सेवन न करने दे।

### बुलेट बाइक पर रहेगी खास नजर

कुछ लोग बुलेट से ट्रिपलिंग करते हैं और बुलेट बाइक से पटाखा छोड़ते हैं। ऐसे लोगों पर पुलिस की नववर्ष पर खास नजर रहेगी। इसके लिए अलग से ट्रैफिक पुलिस को लगाया गया है। कुछ स्थानों पर पुलिस सिविल ड्रेस में रहेगी। ताकि मनचलों पर भी नजर रखी जा सके। किसी भी थानाक्षेत्र में कोई अनहोनी हुई तो उस थानेदार के खिलाफ भी एसपी ने कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

## नए साल के हुड़दंग रोकने का प्लान

### यह रहेगी फोर्स तैनात

एक रिर्जव पुरुष व आधी रिर्जव महिला पुलिस व टीयर गैस स्क्वॉयड सहित दंगा निरोधक सामग्री सहित पुलिस बल को स्टैंड-टू रखने के निर्देश दिए हैं। एसपी ने अपने निर्देशों में कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने साथ एक वीडियोग्राफर व फोटोग्राफर रखेंगे। आवश्यकता पड़ने पर हुड़दंग करने वाले की वीडियोग्राफी की जा सके। इसके अलावा संबंधित पर्यवेक्षण अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

### 32 पीसीआर व 25 राइडर करेंगे गश्त

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में तीन महिला पीसीआर के अलावा 17 पीसीआर व 45 राइडर जिले में गश्त करती रहेगी। साथ ही शाम छह बजे से लेकर रात दो बजे तक महिला पीसीआर शहर में गश्त करेगी। पुलिस कंट्रोल रुप के इंचार्ज का काम होगा कि शहर में जहां से भी महिला संबंधित शिकायत आती है तो महिला पीसीआर को तुरंत मौके पर भेजा जाए।

### इन जगहों पर लगाए नाके

पुलिस ने नया बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, रेलवे रोड, किला रोड, शोरी मार्केट, चमेली मार्केट, गांधी कैंप मार्केट, डी-पार्क, शीला बाईपास, गोहाना अड्डा, शहर में स्थित शॉपिंग काम्पलेक्सों आदि पर गश्त व चैकिंग की जा रही है। वहीं, भीड़-भाड़ इलाकों व बाजारों में पैदल गश्त भी प्रभावी रुप से रहेगी। सभी अधिकारियों व प्रबंधक अफसरों को सुरक्षा से संबंधित विशेष दिशा-निर्देश दिए गए है।

### पुलिस को किया अलर्ट

जिले की पुलिस को नववर्ष के लिए अलर्ट किया गया है। इस मौके पर कोई अपराध करता है या हुड़दंग करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिए है कि जिसके क्षेत्र में भी अनहोनी हुई, वह उसका जिम्मेदार खुद होगा।


हिमांशु गर्ग, एसपी, रोहतक

# पीएनबी सुरक्षा समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पीएनबी की सुरक्षा समिति की तिमाही बैठक अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय द्वारा डीआरडीए के सभागार में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने की। बैठक में डीएसपी वीरेंद्र सिंह, एलडीओ शालिनी जैन, अभिमन्यु मालिक एजीएम नाबार्ड रोहतक, अमित सिंह जाखड अग्रणी जिला प्रबंधक, मंजीत सिंह निदेशक पीएन बी आर सेटी रोहतक, विपिन गोयल, सांसदके निजी सहायक एवं सभी बैंकों, सम्बंधित सरकारी विभागों के जिला स्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान एडीसी ने बैंकों में जमा ऋण अनुपात 60 प्रतिशत के न्यूनतम लक्ष्य के बदले 65 प्रतिशत की उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने एडीसी को बताया कि ऋण वितरण योजना में प्राथमिकता क्षेत्र व कृषि ऋण का कुल ऋण से अनुपात क्रमशः 40 प्रतिशत व 18 प्रतिशत के न्यूनतम लक्ष्य के बदले 52 प्रतिशत व 18 प्रतिशत की उपलब्धि है। उन्होंने प्राथमिकता क्षेत्र एवं कृषि ऋण के अनुपात में पिछले वर्ष की सम्बंधित तिमाही की तुलना में 8 प्रतिशत व 2 प्रतिशत के गिरावट दर्ज होने पर सभी बैंकर्स को ज्यादा योगदान देने की सलाह दी। उन्होंने वार्षिक ऋण योजना के तहत वितीय वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के लिए कृषि क्षेत्र के ऋण संवितरण लक्ष्य 1478 करोड़ के सामने 1867 करोड़, जो कि 125 प्रतिशत रहा, प्राथमिकता क्षेत्र में 3322 करोड़ के सामने 5146 करोड़, एम एस एम ई के तहत ऋण संवितरण लक्ष्य 1449 करोड़ के सामने 3041 करोड़ जो कि क्रमशः 155 व 210 प्रतिशत है, की प्राप्ति पर सभी बैंक कर्मियों के कार्य की सराहना भी की।

### आपदा प्रबंधन पर हुआ सेमिनार का आयोजन

**रोहतक।** श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक स्कूल में आपदा प्रबंधन, अग्निशामक प्रबंधन एवं फर्स्ट ऐड विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। निदेशक हंसराज बालवान ने बताया कि अग्नि सुरक्षा अधिकारी (फायर सेफ्टी ऑफिसर) राजबीर अग्निशामक प्रबंधन डॉ. कैलाश विजयवर्गीय व डॉ. बरखा ने फर्स्ट एड की जानकारी दी। वहीं निदेशक हंसराज ने आपदा प्रबंधन पर कैडेट्स एंड शिक्षकों को विस्तार से समझाया। राजबीर ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को अग्निशामक यंत्र के बारे में बताया कि वह किस प्रकार काम करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि अगर आग लग जाए तो किस प्रकार बचाव करना है।



### गणित सप्ताह का समापन

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गणित सप्ताह का समापन किया गया। गणित विभाग प्रमुख धर्मेंद्र ने बताया कि गणित सप्ताह के दौरान प्रश्नोत्तरी, रंगोली, चित्रकला, भाषण, संख्याओं का खेल, उल्टी गिनती, पहाड़े आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। किशोर एवं तरुण वर्ग से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भावना, कटार सिंह और इशांत बजाड़, भाषण प्रतियोगिता में भूमि और रंगोली प्रतियोगिता में अंकित एवं अंशुल प्रथम स्थान पर रहे। बाल वर्ग से प्रश्नोत्तरी में दीपांशु, अक्षत और सक्षम रोहिल्ला, उल्टे पहाड़े में मानसी, रंगोली प्रतियोगिता में सृष्टि, वंशिका वत्स, वंशिका राठी, चित्र बनाओ में वंशिका गर्ग, भाषण में कनिष्का और संख्या खेल में प्रियांशु प्रथम स्थान पर रहे। इसी तरह से शिशु वर्ग से रंगोली प्रतियोगिता में राधिका, चित्रकला में हिमांशी, उल्टी गिनती में रमन, उल्टे पहाड़े में रजत, संख्या खेल में काश्वी, पहाड़े में अश्मि और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रुद्र, आयुष व भूमिका प्रथम स्थान पर रहे।



### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पीटीएम जरूर

**रोहतक।** डीएलएफ स्थित शाइनिंग स्टार्स में परीक्षा परिणामों पर पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने अध्यापकों के साथ मिलकर अपने बच्चों के परीक्षा परिणाम, स्कूल में बच्चे की प्रगति पर चर्चा की और शैक्षणिक या व्यवहार संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु चर्चा की। विद्यालय प्राचार्या ममता मलिक ने कहा कि अभिभावक व अध्यापक की वार्ता से हम बच्चे में अपेक्षित बदलाव ला सकते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस अवसर पर विद्यालय इंचार्ज अमन ग्रोवर, पायल शर्मा, शिल्पा, रिचा कपूर, पायल, पुरुषार्थ, इशिता, स्वीटी, मोनिका, गीतिका, गायत्री, अलिशा, स्वाति, हिना सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बाबा उद्दलदेव स्कूल में विद्यार्थियों का सम्मान

**महम।** भैणी महाराजपुर गांव स्थित बाबा उद्दलदेव स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नेपाल में आयोजित की गई इंडो नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में विद्यालय के खिलाड़ी विवेक बड़ाला ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्वामी विवेकानंद समिति तालु ने शिक्षा प्रतियोगिता आयोजित की थी, जिसमें 15 स्कूलों के 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। बाबा उद्दलदेव स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने टॉप 15 में अपना नाम दर्ज करवाया है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भिवानी रोड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी ब्लॉक के कक्षा 6 से 8 तथा कक्षा 9 से 12 वर्ग के 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की और मॉडल मेकिंग, रोल प्ले तथा पोस्टर मेकिंग प्रतिस्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान मॉडल मेकिंग में गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी रूड़की से कक्षा 8वीं की छात्रा नेहा ने प्रथम, गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैमाण से कक्षा 7वीं के छात्र प्रियांशु ने प्रथम, गर्वमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाखनमाजरा से कक्षा 7वीं से अनुराग ने प्रथम, गर्वमेंट स्कूल सांघी से कक्षा छठी से अमन ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह से रोल प्ले में गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला से कक्षा 7वीं की छात्रा खुशी ने प्रथम, गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाहली से 8वीं कक्षा की छात्रा अंजली ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पोस्टर मेकिंग में गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल घरौठी से कक्षा 8वीं से शिवानी ने प्रथम, गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल इस्माइला से कक्षा 8वीं की छात्रा मानसी ने प्रथम, गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला से कक्षा 7वीं की छात्रा तमन्ना ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा मॉडल मेकिंग में कक्षा 12वीं से गर्वमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलानौर से अपरना ने प्रथम, गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिसार रोड से कक्षा 12वीं से अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोल प्ले में गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांपला से कक्षा 9वीं की छात्रा सोनाक्षी ने प्रथम, गर्वमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिसार रोड से कक्षा 11वीं से साक्षी, गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी खेड़ी साध से कक्षा 12वीं से मोनिका ने प्रथम स्थान हासिल किया।



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट की छात्रा ने नेटबॉल में जीता गोल्ड

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट की कक्षा आठवीं मार्स में पढ़ने वाली छात्रा आंचल ने गोड्डा झारखंड में आयोजित 29वीं सब जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपने परिवार, स्कूल व राज्य का नाम रोशन किया है। यह चैंपियनशिप गोड्डा के गांधी मैदान में आयोजित हुई। छात्रा आंचल के लिए स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विजेता छात्रा आंचल का ढोल-नगाड़ों के साथ समारोह में स्वागत किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉक्टर ममता मलिक ने आंचल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें छात्रा की इस उपलब्धि पर गर्व है। खेलकूद न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है बल्कि इससे बच्चों के व्यक्तित्व में निखार आता है। खेलों से बच्चे शारीरिक व मानसिक फिटनेस को बरकरार रखते हैं। खेलों से छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा के साथ-साथ चुस्ती, स्फूर्ति, बुद्धि और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आती है। उन्होंने आंचल के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्याय संहिता बिल के विरोध में उतरे रोडवेजकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोडवेज कर्मचारी यूनियन एटक के राज्य प्रधान ओमप्रकाश ग्रेवाल, राज्य महासचिव जयबीर घणघस, डिपो प्रधान सुरेश नहरा, सचिव रोहित देशवाल ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 26 दिसंबर को लोकसभा में न्याय सहिंता बिल पारित किया गया हैं, इस बिल का यूनियन चालक हित में विरोध करती हैं, क्योंकि इस बिल में यह प्रावधान किया है कि वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्तपाल तक इलाज के लिए पहुंचाना होगा। अगर वाहन चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल तक नहीं पहुंचाया तो वाहन चालक को 10 साल की सजा व 5 लाख रुपये जुर्माना होगा।



यूनियन ने मांग की है कि इस बिल को तुरन्त वापिस लिया जाए, अन्यथा यूनियन इस बिल के विरोध में आंदोलन चलाएगी।



### हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

**रोहतक।** डीएलएफ कॉलोनी स्थित डीएवी स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वाइस चेयरमैन आरके सेठी, क्षेत्रीय प्रबंधक सुनीता बहल तथा प्रबंधक आभा गंगल रहे। नन्हे मुन्नों ने गिद्दा प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ नन्हे मुन्नो ने रैंप वॉक भी किया। अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन पंच तत्व (आकाश ,वायु ,धरती, जल, अग्नि) द्वारा दर्शाया गया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रिंकू वर्मा द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और स्कूल की शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या दोनों उपलब्धियां को बताया गया। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## आरपीएस में स्कॉलरशिप के लिए 31 को होगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय में 31 दिसंबर को आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए आरपीएस ग्रुप के सभी 17 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र रहेंगे, विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा दे सकते हैं।

परीक्षा में कक्षा तीसरी से 11वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। परीक्षा के आधार पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप दी जाएगी तथा इस परीक्षा के आधार पर सुपर-30 के लिए कक्षा नौवी व 11वीं के मेडिकल, नॉन मेडिकल, कॉमर्स तथा आर्ट के चयनित विद्यार्थियों का फाइनल राउंड भी होगा, जिस आधार पर उन्हें विद्यालय में पूरी तरह से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी रविवार को सुबह 9:30 बजे तक पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें।


**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल का भवन।

## निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 10 व 11 में पहुंची विकसित भारत यात्रा

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभः मेयर

- भारत विकसित संकल्प यात्रा के दौरान लोगों से जनसंवाद कर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





विकसित भारत संकल्प यात्रा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन स्तर को सुधारने में कारगर साबित हो रही है। यह बात मेयर मनमोहन गोयल ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज नगर निगम के वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलियाना तथा वार्ड नंबर 11 के अंतर्गत सेक्टर 2 हाउसिंग बोर्ड पार्क में पहुंची, जहां नागरिकों ने इसका भव्य स्वागत किया। मेयर मनमोहन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति गरीबी की रेखा के दायरे में न रहे। उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। स्कूली छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संदेश भी लोगों को सुनाया गया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर, संचित नांदल, पवन आहुजा, अशोक सहगल, पार्षद कदम सिंह अहलावत, पार्षद राहुल, पूर्व पार्षद राजेश प्रधान, सूरजमल किलोई, सुनीता भाटिया जांगड़ा, जय सिंह लाकड़ा, डॉ. अशोक रंगा, दिनेश धनखड़, बलबीर रंगा, मेहताब सिंह, सुनील देशवाल, राजकुमार शर्मा, बलबीर रंगा, संदीप राठी, शमशेर कलिंगा, बहादुर चंद मल्होत्रा, सुनील देशवाल, मास्टर राजेंद्र सिंह देशवाल, कृष्ण चीनी मग्गू, सुभाष गुगनानी, अनिल भाटिया, सुमन आहूजा, पूजा मेहता, सोनिया गुलाटी, संतोष सिक्का व शकुंतला खत्री के अलावा नगर निगम के संयुक्त आयुक्त राकेश सैनी मौजूद थे।

### केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का पात्र व्यक्ति उठाएं लाभ : नांदल

**रोहतक।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा जिला के गांव घिलौड़ कलां व घिलौड़ खुर्द में पहुंची, जहां पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश नांदल व डॉ. दिनेश घिलौड़ ने यात्रा का स्वागत किया। सतीश नांदल ने कहा कि हर एक व्यक्ति सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में यह यात्रा चलाई हुई है। इस अवसर पर सांसद डॉ. अरविंद शर्मा के निजी सहायक सुनील लाकड़ा, सुन्दर प्रधान, जगबीर देशवाल, सरपंच अनिल देशवाल, देवेंद्र, मंडल अध्यक्ष सतीश, रविंद्र, पंडित सुरेश, नरेश खुंडिया, सुरेश भारद्वाज, रविंद्र सतीश, राजरानी शर्मा, अंकित शर्मा, सुनीता सैन, कप्तान कलसन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### अभिभावक एवं अध्यापक मिलन समारोह हुआ




रोहतक। वैश्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा प्लेवे से पांचवी तक के विद्यार्थियों के अभिभावक एवं अध्यापक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। विद्यालय प्राचार्या रेखा गुप्ता ने सभी अभिभावकों का एवं विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा।



# खट्टी-मीठी उलझनों में जूझता रहा रोहतक

## जनवरी में इस साल की पहली बड़ी घटना डॉक्टर ने पूरे परिवार का खात्मा कर डाला

**रोहतक।** जनवरी में दिल दहला देने वाली घटना हुई। डिप्रेशन के शिकार आरएमपी डॉक्टर ने पूरे परिवार का खात्मा कर डाला। पहले मासूम बेटी, बेटा और फिर पत्नी को नशीला पदार्थ पिलाकर सुलाया। रात को रसोई के चाकू से तीनों की गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद को फंदा लगाने का प्रयास किया, हिम्मत नहीं हुई तो शराब पीने के साथ- साथ जहरीला इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या कर ली। विनोद अपनी पत्नी सोनिया, बेटी युविका और बेटे अंश के साथ रहता था। विनोद का छोटा भाई विक्रम मकान पर पहुंचा तो इस दर्दनाक घटना का खुलासा हुआ था।







## महीनों चला सरपंचों का आंदोलन

**रोहतक।** जनवरी में प्रदेश सरपंच एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार से जिले में सरपंचों ने ई-टेंडरिंग और राइट टू रिकॉल के विरोध में आंदोलन किया। बीडीपीओ कार्यालय पर ताला भी जड़ा गया। एसडीएम राकेश कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सरपंचों ने करीब रोड पर जाम भी लगाया। सरपंचों का कहना था कि सरकार पंचायती राज संस्थाओं को पंगू बनाने में जुटी हुई है। एक के बाद एक संस्थाओं का खत्म करने के निर्णय लिए जा रहे हैं। हाल ही में संस्थाओं को कमजोर करने के लिए फैसला लिया गया कि 2 लाख रुपए से अधिक का कार्य सरपंच नहीं करवाएंगे।



## केंद्रीय गृहमंत्री शाह रोहतक पहुंचे

**रोहतक।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रोहतक पहुंचे। उन्होंने बाबा मस्तनाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत चांदनाथ योगी की मूर्ति स्थापना की। राजस्थान चुनाव से पहले अमित शाह का दौरा महत्वपूर्ण माना गया। महंत बालक नाथ को राजस्थान के विधानसभा चुनाव में उतारा गया। महंत बालक नाथ अपनी सीट पर जीत हासिल करने में कामयाब रहे। लोगों में काफी दिन तक चर्चा रही की उन्हें राजस्थान में काई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शैफाली वर्मा छाई रही




**रोहतक।** इस साल धुरंधर बल्लेबाज शैफाली वर्मा भी छाई रही। 2019 में 15 साल की उम्र में अर्धशतक जड़कर सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा ने वाली शैफाली ने भारत को अंडर-19 विश्वकप जिताया। शेफाली वर्मा को दिल्ली कैपिटल्स ने 2 करोड़ रुपए में खेलने के लिए खरीदा। शैफाली इंडिया टीम की शानदार बल्लेबाज के रूप में इस समय फॉम में हैं।

## अपराधियों के हौसेले बुलंद



**रोहतक।** अपराधियों के हौसेले भी बुलंद रहे। सैनिक कॉलोनी में लूट का विरोध करने पर एक युवक को मार डाला। उसके भाई को भी पेंचका घोंपकर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने 12 घंटे बाद ही आरोपियों को पकड़ लिया, लेकिन घटना से रोहतक दहशत में था। यह घटना आम लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़ी करने वाली थी।

## हार्ट ट्रांसप्लांट को मंजूरी मिली



प्रदेश में अब ऑर्गन डोनेशन को लेकर काफी जागरूकता आई। पीजीआईएमएस में हार्ट ट्रांसप्लांट को मंजूरी मिली। अब किडनी ट्रांसप्लांट शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक किसी भी मरीज की किडनी का ऑपरेशन नहीं हुआ। ऑर्गन डोनेशन को लेकर प्रदेश में एक नई क्रांति आई है।

## 41 दिन क्लर्क रहे हड़ताल पर

लिपिकों की हड़ताल जनता के लिए ही नहीं, सरकारी खजाने पर भी पड़ी। 41 दिनों तक क्लर्क हड़ताल पर रहे थे। इससे सरकारी कामकाज सुचारू रूप से नहीं हो पाए। करोड़ से ज्यादा के राजस्व का नुकसान हुआ। सबसे ज्यादा नुकसान रजिस्ट्री नहीं होने से हुआ है। रोहतक, महम, कलानौर और सांपला को मिलाकर हर रोज करीब 200 रजिस्ट्री होती है। हड़ताल के कारण आरसी और लाइसेंस की फाइल ही नहीं ली जा रही।




## प्रोप्टी टैक्स मुसीबत बना

प्रोप्टी टैक्स पूरा साल लोगों के लिए मुसीबत बना रहा। नगर निगम को अब भी हर रोज कैंप लगाने पड़ रहे हैं। लेकिन खामियां इतनी हैं कि अब भी लोग प्रोप्टी टैक्स ठीक करवाने के लिए आ रहे हैं। एक कंपी ने पूरे याहर का गलत सर्वे कर दिया। इसका खामियाजा लोगों को अब तक भुगतना पड़ रहा है।



## पुलिस ने नशा तस्करों पर कसा शिकंजा



**रोहतक।** पुलिस ने 2023 में कई बार नशा तस्करों के घर छापेमारी की। करोड़ो रुपये का सामान और नगदी जब्त करके कई को गिरफ्तार भी किया। पुलिस ने दिसंबर में नशा तस्करों के घरों से 2,42,870 रुपए नगद, सोने-चांदी के आभूषण, 49 फोन, एक क्रेटा , कई एटीएम कार्ड, 5 बाइक, 2 स्कूटी, 16 एसी, 11 एलईडी-टीवी, 7 फ्रीज, 4 वाशिंग मशीन, 1 लैपटॉप सहित अन्य सामान जब्त किया।



## दिवाली के दिन बहा खून

दिवाली के दिन गांव करोर में मोहित की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। साल का बड़ा हत्याकांड नवंबर में सामने आया। गैंगवार की आहट से पुलिस और गांव वाले दोनों स्तब्ध रह गए थे। 2018 के बाद गांव में फिर हत्या का सिलसिला शुरू होने की आशंका से गांव वाले दहशत में हैं। 2001 से अब तक गांव में 19 से ज्यादा हत्याएं हो चुकी हैं। इस मामले में आरोपी जतिन उसके साथी सहित गिरफ्तार किया जा चुका है।



## 15.37 एकड़ भूमि मिली

रोहतक। गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के लिए 2023 शुभ रहा। नगर निगम ने सभा को 15.37 एकड़ भूमि के कागज सौंपे। सभा को यह जमीन 2 लाख रुपये प्रति वर्ष की दर से 33 वर्षों की लीज पर दे दी गई। 2009 में पहरावर की जमीन गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को दान में दी गई। पहरावर 2010 में नगर निगम क्षेत्र में शामिल हुआ। शर्त पूरी नहीं होने के कारण नगर निगम ने 2022 में लीज रद कर दी। सीएम मनोहर लाल तक मामला पहुंचा तो उन्होंने यह जमीन गौड़ ब्राह्मण संस्था को दी।

## आठ नई बसें मिली

नवंबर में रोहतक को रोडवेज डिपो को 8 नई एसी बसों डिपो का तोहफा मिला। इन बसों को निर्धारित रूटों पर चलाया जाएगा। रोहतक से चंड़ीगढ़ के लिए भी अलग से दो बसों को शुरू कर दिया गया। एसी बसें सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं और इसमें एक अलग से ड्राइवर साइड में मॉनिटर लगा है। यह सीसीटीवी सुरक्षा को देखते हुए फायदेमंद भी है।



## भ्रष्ट अधिकारियों पर शिकंजा



मार्च में राज्य सतर्कता ब्यूरो ने भी भ्रष्ट अधिकारियों पर शिकंजा कसा। जनस्वास्थ्य विभाग के अकाउंट ऑफिसर को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा। आरोपित ने ठेकेदार का बिल पास करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। विजिलेंस को शिकायत सुंदर सिंह निवासी विशाल नगर ने दी थी। इसके अलावा नगर निगम के एक अधिकारी को भी रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

## फसलें हुई बर्बाद

बेमौसमी बरसाम ने किसानों पर कहर बरपाया। इस साल पांच बार किसानों की फसल बर्बाद हुई। बीते मार्च और अप्रैल के पहले सप्ताह में हुई बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से रबी का तबाह होना, कोई पहली या अंतिम घटना नहीं है। क्योंकि प्रकृति के आगे किसी का बस नहीं चलता है।



## कच्चा बेरी रोड फ्लाईओवर शुरू हुआ

**रोहतक।** इसी साल दीपावली पर सरकार ने रोहतक के लोगों को एक और बड़ी सौगात दी। कच्चा बेरी रोड रेलवे क्रॉसिंग फ्लाईओवर लोगों के लिए खोल दिया गया। अब लोग अंबेडकर चौक, हिसार रोड, भिवानी रोड की ओर से चंद मिनट में ही नई अनाजमंडी, वैश्य कॉलेज, सुनारिया चौक और अन्य कॉलोनियों तक पहुंच रहे हैं। 11 नवंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसका शुभारंभ किया और फ्लाईओवर का नाम भगत नामदेव संत जी रेलवे ओवर ब्रिज क्रॉसिंग नंबर 60 रखा गया। इसके निर्माण पर करीब 45.80 करोड़ की लागत आई।



## पशु बुरी तरह झुलसे



जून में बखेता गांव में दर्दनाक वाली घटना सामने आई। यहां बेजुबानों पर कहर बरप पड़ा। गांव के पास ड्रेन में किसी ने खतरनाक केमिकल डाल दिया। इसका परिणाम ये हुआ कि ड्रेन में नहाने गए करीब 600 भैंस और अन्य पशु बुरी तरह झुलसे। गांव में 12-13 भैंसों की मौत भी हुई। ग्रामीण भी केमिकल की चपेट में आ गए जो भैंसों को नहलाने के लिए ड्रेन में गए थे। ड्रेन के पानी में पीछे से किसी ने ज्वलनशील केमिकल डाल दिया था।

## आढ़तियों की हड़ताल

**रोहतक।** फल और सब्जी मंडी एकमुश्त मार्केट फीस के नोटिफिकेशन के विरोध में हड़ताल पर रहे। सब्जी मंडी में न कोई दुकान लगी न कोई ग्राहक नजर आया। आसपास भी फल और सब्जी की रेहड़ी नहीं लगाई गई। पूरा दिन सब्जीमंडी सुनसान पड़ी रही। 100 से ज्यादा आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हड़ताल को देखते हुए आढ़तियों को सरकार ने मुलाकात के लिए बुलाया है। आश्वासन के बाद हड़ताल को स्थगित किया।



## एक्सप्रेस ट्रेन का तोहफा मिला



**रोहतक।** साल के अंतिम महीने में रोहतक से अयोध्या तक एक्सप्रेस ट्रेन का तोहफा मिला। रोहतक लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरविंद शर्मा की मांग पर लिया गया है। आयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा से पहले ट्रेन चलाने के निर्णय पर लोगों ने सांसद व रेलमंत्री का आभार जताया है। बता दें कि इससे पहले ही सांसद ने खाटू श्याम तक ट्रेन चलाने की मांग रखी थी, जिसे मंत्रालय ने मंजूर किया और अब रोहतक से सीधे रिंगस तक ट्रेन चल रही है।

## रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के साथ सड़क का निर्माण

**रोहतक।** रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के साथ-साथ बनने वाली सड़क को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रशासनिक मंजूरी दी। 315 करोड़ की लागत से तैयार हुए एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ बनने वाली 3.8 किलोमीटर लम्बी सड़क पर करीब 21 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सड़क निर्माण के बाद गांधी कैंप सहित अनेक कॉलोनियों के लोगों को सीधा लाभ होगा, वहीं इन कालोनियों में सुविधाओं के अनेक रास्ते भी खुलेंगे। बड़ा फायदा ये भी होगा कि अब शहर से बाहर सेक्टर-6 तक जाने में कुछ ही मिनट लगेंगे।

## 320 रुपये किलोग्राम तक बिका टमाटर

**रोहतक।** बरसात के कारण सप्लाई चेन टूट गई है, सबज्यिां खराब हुई, दाम भी बेकाबू हुए। 60 रुपये किलो वाली सब्जी 150 के पास पहुंची थी। धनिया 340 रुपये किलो पार हुआ। 50-60 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर 320 रुपये तक बिका।





## भ्रूण लिंग जांच का पर्दाफाश

**रोहतक।** भ्रूण लिंग जांच करवाने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। रोहतक की टीम ने उत्तरप्रदेश सहित कई राज्यों में छापेमारी की और भ्रूण लिंग जांच का पर्दाफाश किया। रोहतक में भी पिछले महीनों सोनीपत के निजी अस्पताल के पीआरओ द्वारा डायग्नोस्टिक सेंटर पर लिंग जांच के लिए अल्ट्रासाउंड करवाने वाले युवक व महिला को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 40000 लेते गिरफ्तार किया था। आरोपितों से 31500 भी बरामद किए गए।

## महम हांसी रेलवे लाइन

इस साल अक्टूबर में रोहतक वाया महम हांसी रेलवे लाइन पर रेलवे विभाग द्वारा रेलगाड़ियां दौड़ाने की तैयारी शुरू की गई।



रेलवे द्वारा ट्रायल भी किया गया। महम रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई। जल्द ही हांसी तक ट्रेन चलेगी। इसका बड़ा लाभ लोगों को होगा। फिलहाल मालगाड़ी चलाई जा रही है, यात्री गाड़ी कुछ दिनों में चला दी जाएगी। रेलवे के बड़े



## रोबोट से सीवर की सफाई

**रोहतक।** नगर गिम कर्मचारियों को इस साल रोबोट का तोहफा भी दिया गया। ये रोबोट सीवर ब्लॉक होने और जलभराव की समस्या से जल्द ही निजात दिलाएंगे। केरल के रोबोट से सीवरों की सफाई करवाई जाएगी। सीवर के अंदर किसी भी कर्मचारी को उतरने की जरूरत नहीं होगी। खास बात यह है कि रोबोट और कर्मचारियों का सारा खर्च कंपनी खुद अपने स्तर पर करेगी। पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों ने निजी कंपनी के अधिकारियों के साथ मिलकर माल गोदाम रोड पर रोबोट का ट्रायल कर लिया गया।